भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2509

जिसका उत्तर 13 मार्च, 2025 को दिया जाना है।

.....

राप्ती नदी की सफाई

2509. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि सफाई के अभाव में उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों से गुजरने वारी राप्ती नदी हर साल बाढ़ का कारण बनती है और जिससे सैकड़ों गांव जलमग्न हो जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार नदी की गहन सफाई/गाद निकालने, तटबंधों की मरम्मत करने और उनकी ऊंचाई बढ़ाने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री **श्री राज भूषण चौधरी**

(क) से (ग): उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, श्रावस्ती और बलरामपुर जिले में राप्ती नदी में बाढ़ मुख्य रूप से नेपाल में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण आती है। जिसके परिणामस्वरूप जलग्रहण क्षेत्र में भारी रन-ऑफ उत्पन्न होता है, जिससे नेपाल से आने वाले कई नालों में बाढ़ सहित अन्य कारणों से फ्लेश-फ्लड की स्थित उत्पन्न हो जाती है।

बाढ़ प्रबंधन और कटाव रोधी स्कीमों की आयोजना, जांच और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा राज्य के भीतर प्राथमिकता के आधार पर अपने संसाधनों से किया जाता है। केंद्र सरकार राज्यों को केवल तकनीकी, सलाहकार, कैटालिटिक और प्रोत्साहनात्मक प्रकृति की सहायता प्रदान करती है।

राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, बाढ़ सुरक्षा तटबंधों का निर्माण डिजाइन मानदंडों के अनुसार किया जाता है और मानसून से पहले आवश्यकतानुसार तटबंधों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाता है।

जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अक्टूबर, 2022 में पूरे भारत में जलग्रहण क्षेत्रों और जलाशयों के अलावा नदियों में तलछट के समग्र रूप से प्रबंधन के लिये एक व्यापक फेमवर्क के रूप में तलछट प्रबंधन के लिये एक राष्ट्रीय फेमवर्क (एनएफएसएम) प्रकाशित की गई। यह राज्य सरकारों, अन्य मंत्रालयों, विभागों आदि जैसे संबंधित हितधारकों को पर्यावरण और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए रणनीति बनाने और परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सुविधा प्रदान करता है।

*****